बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अधयक्ष, *सुरेश कुमार शर्मा मो० 9470003023 /9431479774

महासचिव, *सुशील कुमार मो० 9431091417

उपाधयक्ष :– * सआदत हसन मिन्टू * राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिवः – * राजयनन्द वार्डियार * अनिल कुमार

कोषाधयक्षः – * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाधयक्षः – * विनोद आनन्द

पत्रांक : 78 दिनांक 12/8/15

सेवा में,

प्रधान सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– अपर समाहर्त्ता स्तर में पदस्थापन के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 10.08.2015 को अपर समाहर्त्ता स्तर में स्थानान्तरण/पदस्थापन हुआ है। बिहार प्रशासनिक सेवा के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्य सचिव से हुई वार्त्ता का स्मरण करना चाहेंगे। उक्त बैठक में भवदीय भी उपस्थित थे जिसमें इस बात पर सहमति बनी थी कि :–

(i) उप सचिव स्तर के जिन पदाधिकारी को अपर समाहर्त्ता स्तर का वेतनमान ग्रेड पे0–7600 मिल गया है उनका पदस्थापन अपर समाहर्त्ता स्तर में की जाए एवं

(ii) मूल कोटि स्तर के जिन पदाधिकारी को उप सचिव स्तर का वेतनमान ग्रेड पे0–6600 प्राप्त हो गया है उन्हें उप सचिव स्तर के पद पर पदस्थापित की जाए साथ ही

(iii) पदस्थापन में वरीयता पदसोपान का ख्याल रखा जाए।

दिनांक 10.08.2015 को हुए स्थानान्तरण/पदस्थापन में हुई कुछ खामियों को संघ उजागर करना चाहता है। इस स्थानान्तरण/पदस्थापन में।

(i) अपर समाहर्त्ता स्तर का वेतनमान 7600 ग्रेड पे पाये सभी पदाधिकारी का पदस्थापन अपर समाहर्त्ता स्तर में नहीं की गई है।

(ii) कुछ पदाधिकारी जिन्हें 7600 का ग्रेड पे प्राप्त नहीं है एवं वेतनमान 6600 ग्रेड पे0 में है उनका पदस्थापन अपर समाहर्त्ता स्तर में कर दी गई है।

(iii) इसके पूर्व मूल कोटि के पदाधिकारी जो 5400 ग्रेड पे0 में है का पदस्थापन उप सचिव स्तर में की गई है।

(iv) इस कारण स्थिति यह हो गयी है कि अपर समाहर्त्ता स्तर के वेतनमान प्राप्त पदाधिकारी का उप सचिव स्तर यथा जिला परिवहन पदाधिकारी/जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी व अन्य पद पर तथा उसी जिला में उससे कनीय पदाधिकारी को अपर समाहर्त्ता/उप विकास आयुक्त पद पर पदस्थापित किया गया है इससे प्रशासनिक वरीयता श्रृंख्ला को चोट पहुँचा है जिससे सरकारी कार्य निष्पादन करने में कठिनाई होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।

(v) इस प्रकार भेदभाव तरीके से स्थानान्तरण/पदस्थापन होने से पदाधिकारी के बीच आपसी द्वेष की भावना व्याप्त हो रही है एवं उनमें काफी रोष है।

संघ का अनुरोध है कि इसकी समीक्षा कर अपर समाहर्त्ता स्तर के वेतनमान 7600 ग्रेड पे प्राप्त सभी पदाधिकारी का अपर समाहर्त्ता पद पर एवं उप सचिव स्तर के वेतनमान प्राप्त पदाधिकारी का उपसचिव स्तर में ही पदस्थापन की जाए अन्यथा प्रशासनिक ढांचा का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, बिहार सरकार को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

प्रतिलिपि :– मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन आयोग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

प्रतिलिपि :– मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
(सुशील कुमार)
महासचिव

प्रतिलिपि :– अध्यक्ष/सचिव, सभी जिला इकाई को सूचनार्थ प्रेषित।

(सुशील कुमार)
महासचिव